**K24U 4108**

Reg. No. : ..................................

Name : ......................................

**First Semester B.Com./B.B.A./B.B.A. (R.T.M./T.T.M./A.H.)/B.T.T.M./L.R.P. Degree (C.B.C.S.S. – O.B.E. – Supplementary/Improvement) Examination, November 2024**
**(2019 to 2023 Admission)**
**ADDITIONAL COMMON COURSE IN HINDI**
**1A07–1HIN : कविता और कहानी (Kavitha Aur Kahani)**

Time : 3 Hours | Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

1) 'ले चल वहाँ भुलावा देकर' कविता के आधार पर प्रसादजी की काव्य-चेतना की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

2) 'इस्त्री से डरो' कविता में अभिव्यक्त स्त्री मुक्ति की आवाज पर प्रकाश डालिए ।

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए । **(1×7=7)**

3) 'बयान' कहानी में चित्रित न्याय व्यवस्था के खोखले पन पर प्रकाश डालिए ।

4) 'फूलों का कुर्ता' कहानी में 5 साल की बच्ची के भोलेपन का चित्रण किस प्रकार किया है ?

III. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए । **(3×3=9)**

5) जाति न पूछो साधु की पूछ लीजिए ज्ञान ।
मोल करो तलवार को पडा रहन दो म्यान ।।

6) निर्गुण कौन देस को वासी
मधुकर किस समझाई सौंह दै, बीझति साँचि न हाँसी
को है जनक, कौन है जननि, कैन नारि, कौन दासी
कैसे वरन भेष है कैसो, किंह रस में अभिलाषी
पावेगो पुनि कियौ आपनो जो रे करेगो गांसी
सुनत मौन है रह्यो बावरो, सूर सबै मति नासि

P.T.O.



7) एक आदमी
रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो ना रोटी बेलता है ना रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ –
'यह तीसरा आदमी कौन है ?'
मेरे देश की संसद मौन है ।।

8) झाड़ू थामें हाथों की सरसराहट
साफ़ सुनाई पड़ती है भीड़ के बीच
बियाबान जंगल में सनसनाती हवा की तरह
गहरी पथरीली नदी में
असंख्य मूक पीड़ाएँ
कसमसा रही हैं
मुखर होने के लिए
रोष से भरी हुई

IV. कम से कम **125** शब्दों में किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए । **(3×3=9)**

9) 'हंडा' कविता में अभिव्यक्त रहस्यमई स्त्री जीवन पर विचार कीजिए ।

10) सूरदास के बाललीला वर्णन पर टिप्पणी लिखिए ।

11) 'जूही की कली' में अभिव्यक्त विरह वर्णन का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

12) कबीर की गुरु-भक्ति पर टिप्पणी लिखिए ।



V. निम्नलिखित में से **आठ** प्रश्नों का **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए । **(8×1=8)**

13) 'बयान' कहानी में चित्रित न्याय-व्यवस्था किस प्रकार की है ?

14) 'रोटी और संसद' कविता का विषय क्या है ?

15) 'बस बहुत हो चुका' कविता का विषय क्या है ?

16) कबीरदास किस धारा के कवि हैं ?

17) 'बूढ़ी काकी' कहानी की मुख्य समस्यायें क्या-क्या हैं ?

18) सूरदास की भक्ति-भावना किस प्रकार की है ?

19) 'सिक्का बदल गया' कहानी की पृष्ठभूमि क्या है ?

20) गुमशुदा के पोस्टरों के अन्त में लिखा गया आश्वासल क्या है ?

21) शाहनी का चरित्र किस प्रकार है ?

22) 'जुही की कली' कविता में प्रकृति वर्णन किस प्रकार की है ?

______________